Regarding transfer of land under Bhilai Steel Plant to Government of Chhattisgarh-Laid

श्रीविजयबघेल**(दुर्ग) :**स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) बोर्ड की 152 वीं बैठक दिनांक 10.01.1990 एवं 236 वीं बैठक दिनांक 28.11.1997 के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र, छत्तीसगढ़ की क्रमशः 290.26 एकड़ एवं 151.46 एकड भूमि छत्तीगढ़ राज्य शासन (वर्तमान में नगर पालिका निगम रिसाली जिला दुर्ग के वार्ड नेवई बस्ती, मरोदा एवं अन्य वार्डो) को हस्तांतरण हेतु सहमति बनी है। उक्त जमीन का हस्तांतरण आज पर्यन्त लंबित है, जिसके कारण मेरे लोकसभा क्षेत्र दुर्ग में असंतोष व्याप्त है। हस्तांतरण के लिए विभाग द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।अतः मैं माननीय इस्पात मंत्री से अनुरोध करता हूँ, कि उक्त विषय को तत्काल संज्ञान में लेते हुए यथासंभव आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें।